अमर उजाला
बरेली
बृहस्पतिवार, 5 जुलाई 2018

PAGE NO- 08. MIDDLE

एसआरएमएस ने 17वां स्थापना दिवस मनाया

बरेली। भोजीपुरा में श्री राममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में बुधवार को 17वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर श्री राममूर्ति स्मारक ट्रस्ट के संस्थापक एवं प्रबंध न्यासी देवमूर्ति ने कहा कि संस्थान 16 वर्षों से नित नई सफलताएं प्राप्त करते हुए देश का 32वां स्थान प्राप्त करने वाला मेडिकल कॉलेज बन गया है। इस मौके पर संस्थापक ने कैंपस में पौधरोपण भी किया। उन्होंने विभिन्न विभागों को अच्छे परिणामों एवं उत्कृष्ट शोधों के लिए सम्मानित किया, जबकि कई चिकित्सकों को पदोन्नति दी गई। कार्यक्रम में प्रशासनिक निदेशक आदित्य मूर्ति, प्रिंसिपल डॉ. एसबी गुप्ता समेत सभी चिकित्सक उपस्थित रहे। **ब्यूरो**